आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में दर्शकों की सुविधा के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में निःशुल्क ई–ऑटो सेवा शुरू की गई है।
- प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी, दस मीटर एयर पिस्टल में पुरुष वर्ग में कर्नाटक के जो॰ नाथन ने स्वर्ण पदक जीता।
- पौड़ी जिले के कोट गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, फूलों की खेती के जरिए अपनी आर्थिकी मजबूत कर रही हैं।
- प्रदेश में अगले 48 घंटों में बारिश और 3 हजार 500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

ई–ऑटो सेवा

38वें राष्ट्रीय खेल के आयोजन के दौरान देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में खेलों के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में दर्शक इन खेलों का लुत्फ उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बीच, दर्शकों की सुविधा और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने खेल परिसर में निःशुल्क ई–ऑटो सेवा शुरू की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दर्शकों को बेहतर और सुगम परिवहन सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे आसानी से विभिन्न खेल स्थलों तक पहुंच सकें। दर्शक अपने वाहन निर्धारित पार्किंग क्षेत्र में पार्क कर सकते हैं और फिर इस ई–ऑटो सेवा का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों को राहत मिलेगी। वहीं, प्रदेश सरकार के इस प्रयास से राष्ट्रीय खेल को सफल बनाने में सहायता मिल रही है। यह पहल भविष्य में भी अन्य बड़े आयोजनों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय खेलों को और भी अधिक पर्यावरण–अनुकूल और स्वास्थ्यप्रद बनाने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, देहरादून में साइकिल सुविधा भी शुरू की है।

राष्ट्रीय खेल रोमांच

प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों का रोमांच दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। आज देहरादून स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुई दस मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के फाइनल में कर्नाटक के जो॰ नाथन ने 240 दशमलव सात के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। दूसरे स्थान पर सर्विसेज के रविन्द्र सिंह रहे, जबकि कांस्य पदक भी सर्विसेज के

गुरप्रीत सिंह को मिला। आकाशवाणी समाचार से हमारे सहयोगी आशुतोष उनियाल के साथ जो॰ नाथन ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद विशेष बातचीत की।

पुलिस सत्यापन

हरिद्वार में चल रही राष्ट्रीय खेल की प्रतियोगिताओं के मद्देनजर रानीपुर पुलिस की ओर से चलाए गए सत्यापन अभियान में 80 बाहरी लोगों का सत्यापन किया गया। अभियान में पांच ऐसे मकान मालिकों का चालान किया गया, जिन्होंने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया था। पुलिस ने उनका 50 हजार रुपए का चालान काटा। गौरतलब है कि हरिद्वार के वंदना कटारिया स्टेडियम में चल रही खेल प्रतियोगिताओं और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर रानीपुर पुलिस ने बाहरी व्यक्तियो, किरायेदारो, घरेलू नौकरो, मोटर मैकेनिकों और गैराज में काम करने वाले व्यक्तियों के सत्यापन का अभियान चलाया।

बसंत पंचमी स्नान

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। यह स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान 14 जनवरी मकर संक्रांति और 29 जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्नान के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है और महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो—व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को हुई और अब तक 35 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

फूलों की खेती

पौड़ी जिले में कोट विकासखण्ड के कोट गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं फूलों की खेती करके अपनी आर्थिकी मजबूत कर रही है। फूलों की खेती कर रहे समूह में 35 महिलाएं जुड़ी हैं। अक्टूबर माह से शुरू की गई लिली की खेती में तीन महीने में फूल आने शुरू हो गए हैं। इन फूलों को दिल्ली के बाजार में भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक वीरेंद्र जुयाल ने कहा कि बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर महिलाएं न केवल अच्छी आमदनी कर रही हैं, बल्कि क्षेत्र में कृषि की नई संभावनाएं भी विकसित कर रही हैं।

महिला स्वयं सहायता समूह की लक्ष्मी नेगी ने बताया कि लिली फूल उत्पादन के लिए सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई की फूलों की खेती से आमदनी बेहतर होगी।

## मौसम

प्रदेश में आज कुछ पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के 3500 से मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने कल उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कई स्थानों पर बारिश की संभावना भी जताई है। इस दौरान टिहरी, देहरादून, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि प्रदेश के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है।

## इसरो

भारतीय अतंरिक्ष अनुसधान संगठन– इसरो ने कहा है कि एनवीएस–02 अंतरिक्ष यान पर लगे थ्रस्टर्स के नाकाम रहने से उपग्रह को वांछित कक्षा में स्थापित करने के प्रयासों को झटका लगा है। इस उपग्रह को जीएसएलवी–एमके 2 रॉकेट से श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से 29 जनवरी को प्रक्षेपित किया गया था। अंतरिक्ष–आधारित नेविगेशन सिस्टम के लिए महत्वपूर्ण यह उपग्रह इसरो का 100वां प्रक्षेपण था। यह उपग्रह एक अण्डाकार भू–समकालिक स्थानांतरण कक्षा–जीटीओ में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है, जो नेविगेशन प्रणाली के लिए उपयुक्त नहीं है। जीएसएलवी रॉकेट द्वारा उपग्रह को कक्ष में स्थापित करने के बाद, इस पर लगे सौर पैनल सफलतापूर्वक तैनात किए गए, लेकिन बिजली उत्पादन नाम मात्र रहा। इसरो ने कहा है कि ग्राउंड स्टेशन के साथ संचार स्थापित हो गया है।